मेघालय उद्यम स्थापत्य परियोजना (MeghEA)

drishtiias.com/hindi/printpdf/meghalaya-enterprise-architecture-project

प्रिलिम्स के लिये:

डिजिटल इंडिया

मेन्स के लिये:

मेघालय उद्यम स्थापत्य परियोजना के मुख्य प्रावधान एवं उद्देश्य

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मेघालय उद्यम स्थापत्य परियोजना (Meghalaya Enterprise Architecture Project (MeghEA) का शुभारंभ किया गया है।

- इस परियोजना का उद्देश्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले लोगों के लिये सेवाओं के वितरण और शासन व्यवस्था में सुधार करना है।
- उद्यम स्थापत्य/एंटरप्राइज़ आर्किटेक्चर (Enterprise Architecture- EA) वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा संगठन व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ संरेखित करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढाँचे को मानकीकृत और व्यवस्थित करते हैं।

प्रमुख बिंदु

- **मेघालय उद्यम स्थापत्य परियोजना के बारे में:**
  - MeghEA पहल के तहत वर्ष 2030 तक मेघालय को एक उच्च आय वाला राज्य बनाने हेतु 6 स्तंभों अर्थात् शासन, मानव संसाधन, उद्यमिता, प्राथमिक क्षेत्र, बुनियादी ढाँचा और पर्यावरण पर आधारित है।
  - यह पहल **डिजिटल इंडिया** के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने पर केंद्रित है।
  - वर्ष 2018 में भारत उद्यम स्थापत्य/इंडिया एंटरप्राइज़ आर्किटेक्चर (India Enterprise Architecture- IndEA) की अधिसूचना के साथ ही एकीकृत एवं राष्ट्रीय स्तर पर पोर्टेबल एंड स्केलेबल डिजिटल प्लेटफॉर्म के डिज़ाइन और कार्यान्वयन ने एक नई गति प्राप्त की है।

- **इंडिया एंटरप्राइज़आर्किटेक्चर (IndEA):**
    - IndEA सरकार को एक उद्यम या उद्यमों के उद्यम के रूप में मानते हुए एक समग्र वास्तुकला/आर्किटेक्चर विकसित करने हेतु ढाँचा प्रदान करता है, जो कार्यात्मक रूप से परस्पर जुड़े हुए हैं।
    - यह कई संदर्भ मॉडलों का संयोजन है, जो एक साथ सरकार के सभी क्षेत्रों में सीमा-रहित और हितधारकों अर्थात् नागरिकों, व्यवसायों और कर्मचारियों को एकीकृत सेवाओं के वितरण की सुविधा प्रदान करता है।
        - IndEA ढाँचे में 8 संदर्भ मॉडल शामिल हैं, जैसे- व्यवसाय, अनुप्रयोग, डेटा, प्रौद्योगिकी, परफॉरमेंस, सुरक्षा, एकीकरण और आर्किटेक्चर गवर्नेंस।
    - यह सरकारों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology-ICT) सक्षम परिवर्तन का समर्थन करने हेतु एंटरप्राइज़ आर्किटेक्चर विकसित करने के लिये एक व्यापक और सुविधाजनक ढाँचा प्रदान करता है।
    - यह ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में विविधता में एकता स्थापित करने का एक तरीका है।
        - बेहतर प्रशासनिक व्यवहार्यता, कार्यान्वयन के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता, ई-गवर्नेंस के चल रहे प्रयासों तथा राज्य सरकारों को राज्य विशिष्ट आईसीटी सेवाओं के निर्माण में लचीलापन लाने की आवश्यकता है।
- **IndEA के लाभ:**
    - नागरिकों और व्यवसायों को वन गवर्मेंट एक्सपेरीमेंट (ONE Government Experience) प्रदान करना।
    - सेवाओं के वितरण की दक्षता में वृद्धि।
    - समग्र प्रदर्शन प्रबंधन के माध्यम से विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रभावशीलता में सुधार करना।
    - सूचना तक आसान पहुँच के माध्यम से कर्मचारियों और एजेंसियों की उत्पादकता में वृद्धि करना।
    - सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के साथ तालमेल बिठाने और नवीनतम तकनीकों का लाभ उठाने हेतु सिस्टम में बदलाव के लिये लचीलापन और तेज़ी लाना।
    - साझा बुनियादी ढाँचे और सेवाओं के उपयोग के माध्यम से लागत-प्रभावशीलता का एहसास करना।
    - डेटा की सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता के बीच सही संतुलन बनाने में।


IndEA Vision
ONE Government
IndEA Principles
IndEA Reference Models
GoI Ministries
States & UTs
PSUs
Interoperability
Shared Infra
Common Applications
Open Standards
Unified & Uniform Interfaces
Citizen/ Business-centric Services
Guaranteed Service Levels
Effective Program Management
Less Government, More Governance
Security & Privacy
SDG Approach
Prioritization
Process Re-engineering
Change Mgt
TECHNOLOGY
STAKEHOLDER BENEFITS
PROCESS / PEOPLE

स्रोत: पीआईबी